उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय बुधवार के लिये निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 5-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद में यमुना नदी से लगते दोनों किनारों पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के सर्वथा विपरीत बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीनों का प्रयोग करते हुये बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है जिसके कारण कई बार यमुना नदी का बहाव मार्ग तक बदल जाने के कारण आई बाढ़ के कारण भारी जन व धन की हानि हुई है? | मा० एन०जी०टी० के आदेशों के अनुपालन में सीआ द्वारा निर्गत पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र तथा माईनिंग प्लान में इंगित शर्तों/मानकों के अनुसार ही पट्टाधारक द्वारा खनन कार्य किया जाता है। यमुना नदी का बहाव मार्ग तक बदल जाने जैसा प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है और न ही कोई जन व धन की हानि हुयी है। |
| (ख) क्या जनपद सहारनपुर में अवैध खनन का पता लगाने के लिए किसी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे है? | अवैध खनन/परिवहन पर नियंत्रण रखने हेतु जनपद में 05 चेकगेट्स स्थापित किये गये हैं तथा ड्रोन कैमरे से भी समय-समय पर निगरानी की जाती है। |
| (ग) पिछले पांच वर्षो में वर्षवार उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर में अवैध खनन के कितने मामले सामने आए है तथा कितनी एफ० आई० आर० दर्ज की गयी है? | पिछले पांच वर्षों में अवैध खनन/परिवहन के मामलों में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट का विवरण निम्नवत् है:- |

| क्र०सं० | वित्तीय वर्ष | एफ०आई०आर० की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | 23 |
| 2 | 2020-21 | 45 |
| 3 | 2021-22 | 6 |
| 4 | 2022-23 | 17 |
| 5 | 2023-24 | 8 |
| | कुल योग | 99 |

(घ) जनपद सहारनपुर में पिछले पांच वर्षो में अवैध खनन के कारण सरकारी खजाने को कितने राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है?

पिछले पांच वर्षों में अवैध खनन/परिवहन में की गयी कार्यवाही का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र० सं० | वित्तीय वर्ष | वाहनों की संख्या | जमा धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | 679 | 226.35 |
| 2 | 2020-21 | 378 | 508.80 |
| 3 | 2021-22 | 569 | 206.08 |
| 4 | 2022-23 | 521 | 345.33 |
| 5 | 2023-24 | 808 | 889.30 |
| | कुल योग | 2955 | 2175.86 |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।